# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर वन प्रभाग, मीरजापुर।

पत्रांक 5130 /मीरजापुर/15 दिनांक, मीरजापुर, मई, 30 2018।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक,
मीरजापुर क्षेत्र,
मीरजापुर।

विषय– जनपद मीरजापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–07 (वाराणसी–हनुमना सेक्शन) कि0मी0 संख्या 49.500 से कि0मी0 संख्या 140.200 तक के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण से प्रभावित 17.3875 हे0 आरक्षित एवं 113.6300 हे0 संरक्षित कुल–131.0175 हे0 वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग तथा बाधक **10473** वृक्षों के पातन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम–1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव।

सन्दर्भ– परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का पत्रांक–11015/5/वाराणसी/एन0एच0–7/2018–19/29803 दिनांक 24.05.2018।

महोदय,

जनपद मीरजापुर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–**07** (वाराणसी–हनुमना सेक्शन) कि0मी0 संख्या **49.500** से कि0मी0 संख्या **140.200** तक के सुदृढ़ीकरण व चौड़ीकरण से प्रभावित **17.3875** हे0 आरक्षित एवं **113.6300** हे0 संरक्षित **कुल–131.0175** हे0 वन भूमि के गैर वानिकी प्रयोग तथा बाधक **10473** वृक्षों के पातन हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम–1980 के तहत् अनुमति प्रस्ताव कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ के माध्यम से ऑन लाइन सब मिशन प्रस्ताव संख्या–FP/UP/ROAD/30569/2017 राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सन्दर्भित पत्रांक द्वारा संशोधित प्रस्ताव दिनांक 28.01.2018 को इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है, प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त 20 बिन्दुओं पर आपत्ति सहित प्रस्तावक संस्था को इस कार्यालय के पत्रांक 3583 दिनांक 12.02.2018 को पत्र प्रेषित किया गया। प्रस्तावक संस्था द्वारा कमियों का निराकरण कर दिनांक 24.05.2018 को संशोधित प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया, जिसे इस कार्यालय द्वारा परीक्षणोपरान्त भाग–2 से सम्बन्धित विवरण पूर्ण कर अपेक्षित सूचनाओं सहित भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के गाइड लाइन के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर संस्तुति सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नक**–उपरोक्तानुसार प्रस्ताव–5 नग मय सी0डी0।

भवदीय

(राकेश चौधरी)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर।

संख्या– अ/समदिनांक।

**प्रतिलिपि**– जिलाधिकारी, मीरजापुर को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**–परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, परियोजना कार्यान्वयन इकाई/एस0–8/108, एफ0–4, डी0आई0जी0 कालोनी, मकबूल आलम रोड, वाराणसी को उनके सन्दर्भित पत्र के कम में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(राकेश चौधरी)
प्रभागीय वनाधिकारी
मीरजापुर वन प्रभाग मीरजापुर।